**Shri Ramachandra Reddi:** May I know whether this Government does not know exactly for what purpose they are exporting their commodities to other countries?

**Shri Karmarkar:** Not in all cases. They may be importing for making rough biscuits, for cattle feed and for something else.

EMOLUMENTS TO ECONOMISTS

*425. **Shri Randaman Singh:** Will the Minister of **Planning** be pleased to state whether any emoluments are to be paid to the Economists appointed by the Planning Commission to advise them on problems connected with the preparation of the Second Five Year Plan?

**The Deputy Minister of Planning (Shri S. N. Mishra):** The Members of Panel of Economists are not paid any emoluments, except the usual travelling and daily allowances for attending the meetings.

**Mr. Speaker:** He may be replied to in Hindi.

**श्री एस० एन० मिश्र:** सवाल तो हिन्दी में नहीं पूछा गया था लेकिन मैं उसका तर्जुमा किये देता हूं।

**अध्यक्ष महोदय:** वे माननीय सदस्य जो हिंदी में अपने प्रश्नों का उत्तर चाहते हैं उनको अपने प्रश्न भी हिन्दी में पूछने चाहिएं, नहीं तो ऐसा माना जाता है कि उनको अंग्रेजी आती है।

**श्री एस० एन० मिश्र:** अर्थ शास्त्रियों की इस विशिष्ट समिति के सदस्यों को कोई खास किस्म का भत्ता नहीं दिया जाता है सिवाय इसके कि उनको यात्रा का खर्च और दैनिक भत्ते दिए जाएं।

**श्री रनधमन सिंह:** यह अर्थ शास्त्री कब तक योजना विभाग के अन्दर काम करेंगे?

**श्री एस० एन० मिश्र:** ये योजना कमीशन को अपना परामर्श देकर और योजना के निर्माण में सहायता पहुंचाएंगे।

CEASE FIRE LINE

*428. **Shri Chaudhri Muhammed Shaffee:** Will the **Prime Minister** be pleased to state:

(a) the number of persons arrested for violating the cease-fire line in Jammu and Kashmir State during the year 1954;

(b) the action taken against them; and

(c) the number of persons who were sent across the cease-fire line by the Indian authorities during that period?

**The Parliamentary Secretary to the Minister of External Affairs (Shri Sadath Ali Khan):** (a) to (c). According to information available with the Government of India, 1,205 persons were apprehended in 1954 for crossing the cease-fire line. The general policy in such cases is to send these persons back across the cease-fire line. Exact information in regard to persons actually sent across in this manner is not available.

**डा० राम सुभग सिंह:** १२०० से ज्यादा कुछ आदमियों को वहां भेजा गया? उनमें से कितने लोग सैनिक थे या सब के सब सिविलियन थे?

**प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू):** जहां तक मालूम है कोई भी सैनिक नहीं थे। यह तो मामूली लोग आते जाते हैं, सैनिक नहीं आया करते हैं, अगर वे आएं तब तो वह फौजी हमला हो जाए और उसके माने दूसरे होंगे और जवाब भी दूसरा होगा।

HAND-MADE PAPER

*429. **Shri Anirudha Sinha:** Will the Minister of **Commerce and Industry** be pleased to state:

(a) the number of centres under the auspices of the All-India Khadi and Village Industry Board which are engaged in making hand-made paper; and

(b) what has been the production of hand-made paper (in tons) during the last three years ending the 31st December, 1954?

**The Deputy Minister of Commerce and Industry (Shri Kanungo):** (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House. [*See* Appendix III, annexure No. 14.]

**श्री अनिरुद्ध सिंह** : स्टेटमेंट को देखने से ज्ञात होता है कि कागज बनाने का व्यवसाय रोज-ब-रोज तरक्की कर रहा है, क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार इसके क्षेत्र को और व्यापक बनाने का विचार कर रही है? अगर हां, तो किस तरह?

**श्री कानूनगो** : इसे खादी और विलेज इंडस्ट्री बोर्ड के सुपुर्द किया गया है और बोर्ड जैसे सिफारिश करता है, उसके अनुसार सरकार उसमें मदद करती है।

**श्री विभूति मिश्र** : क्या सरकार हाथ से बने कागज को अपने काम में ला रही है?

Mr. Speaker: Order, order. Shri Anirudha Sinha.

**श्री अनिरुद्ध सिंह** : क्या मैं जान सकता हूं कि अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड को अभी तक कितनी सहायता मिली है और उससे कितने लोगों की रोजी चल रही है?

**श्री कानूनगो** : खादी बोर्ड ने ४५ सेंटर्स चालू रक्खे हैं और आयन्दा साल में १४ सेंटर्स और ज्यादा चालू करेंगे।

**श्री अनिरुद्ध सिंह** : मैंने पूछा था कि सहायता कितनी दी?

**श्री कानूनगो** : बतलाता हूं।

१९५३-५४ में ग्रांट २ लाख, ११ हजार, ५ सौ रुपए, और लोन्स १ लाख, ६२ हजार ५ सौ रुपए।

१९५४-५५ में ग्रांट ४ लाख, ५ हजार रुपए और लोन्स २ लाख ३३ हजार रुपए।

**Shri Dabhi**: May I know what percentage of the total paper requirements of Government is met from this source?

**Shri Kanungo**: The total requirements of Government are rather huge and only a small part of it is met from this source.

**श्रीमती कमलेंदुमति शाह** : क्या यह सच है कि सरकार के पास कोई रिप्रेजेंटेशन आया है कि ऋषिकेश में एक पेपर फैक्टरी बन सकती है क्योंकि वहां जंगल से बहुत लकड़ी आती है?

**श्री कानूनगो** : हैंड मेड पेपर का सवाल है। माननीय सदस्या ने जो पूछा है उसका इससे सम्बन्ध नहीं है।

MEDICAL DEGREES

***430. Shri Tushar Chatterjea**: Will the **Prime Minister** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the French Medical Degrees obtained from Pondicherry and Paris by students of Pondicherry and Chandernagore are not recognised in India according to the Indian Medical Council Act, 1933;

(b) if so, the steps proposed to be taken in the matter; and

(c) the number of such cases that have come to the notice of Government and the action taken thereon?

**The Deputy Minister of External Affairs (Shri Anil K. Chanda)**: (a) Yes.

(b) While this specific issue is receiving Government's urgent consideration, the whole question of integration of the educational system in Pondicherry State with that prevailing in India is being examined by the Joint Educational Committee set up under the Indo-French Agreement.

(c) Two. With a view to accord temporary recognition, particulars of examinations etc. they have passed, have been called for from these Doctors.

**Shri Tushar Chatterjea**: May I know when this matter will be finalised?

**Shri Anil K. Chanda**: I understand the Chief Minister of the Government of West Bengal has asked for certain particulars about the curriculum, syllabus etc. of the examinations that they have passed. They have not yet replied and the information is awaited.

**Shrimati Ila Palchoudhury**: Are Indian degrees recognised in Finance?

**Shri Anil K. Chanda**: Not the Medical Degree.

**प्रैस आयोग**

***४३१. श्री भागवत झा आज़ाद** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रैस आयोग द्वारा की